पी. एम. श्री के. वि. आयुध निर्माणी रायपुर,  देहरादून विद्यालय संभाग की 54वीं संभागीय खेलकूद प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ 23 अप्रैल, 2025 को प्रतिष्ठित महाराणा प्रताप स्पोटर्स कॉलेज, रायपुर देहरादून में किया गया। इस प्रतियोगिता की मेजबानी केंद्रीय विद्यालय आयुध निर्माणी रायपुर, देहरादून द्वारा की गई। यह खेल प्रतियोगिता सत्र 2025-26 के अंतर्गत आयोजित की जा रही है और 25 अप्रैल, 2025 तक चलेगी। इस तीन दिवसीय प्रतियोगिता में (एथलेटिक्स छात्र अंडर -14, अंडर- 17, अंडर-19) देहरादून क्षेत्र के बाहर से कुल 19 टीमें एवं देहरादून के विभिन्न केंद्रीय विद्यालयों की 7 टीमें प्रतिभाग कर रही हैं जिनमें देहरादून के विभिन्न केंद्रीय विद्यालयों के कुल 137 विद्यार्थी एवं लगभग 27 अनुरक्षक सम्मिलित हैं। उद्घाटन समारोह का शुभारंभ श्री सुनील दत्त प्राचार्य महोदय (पी. एम. श्री केन्द्रीय विद्यालय, देहरादून) एवं प्राचार्य महोदया श्रीमती रचना देव (पी.एम. श्री केन्द्रीय विद्यालय ओ.एल.एफ देहरादून) की उपस्थिति में प्रतिभाग करने वाली टीमों द्वारा उत्साहपूर्ण जुलूस के साथ हुआ। क्षेत्रीय खेल बोर्ड के गणमान्य व्यक्तियों और अन्य अधिकारियों ने खिलाड़ियों को खेल भावना से प्रतिस्पर्धा करने के लिए प्रोत्साहित किया। श्रीमती उर्मिला आर्या तीन दिवसीय कार्यक्रम की पर्यवेक्षक होंगी। प्राचार्य श्री सुनील दत्त के द्वारा विद्यालय की परंपरा के अनुसार उनका हरित स्वागत किया गया। संभागीय खेल प्रतियोगिता के प्रथम दिवस में कई रोमांचक खेल जैसे 100 मीटर, 600 मीटर एवं 400 मीटर दौड़, गोलाफेंक, लंबी कूद और बाधा दौड़ शामिल थे। पी. एम. श्री के. वि. ओ. एफ. डी. के विद्यार्थियों ने (एथलेटिक्स छात्र अंडर -14) खेल स्पर्धाओं में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त किया। के. वि. संभाग देहरादून द्वारा इस कार्यक्रम के प्रबंधन के लिए श्री धीरेंद्र सिरोही (पी. एम. श्री के. वि. पौड़ी) एवं श्री शैलेंद्र सिंह रावत (पी. एम. श्री के. वि. सौरखंड)  खेल एवं स्वास्थ्य प्रशिक्षित स्नातक शिक्षकों को नियुक्त किया गया। पी. एम. श्री के. वि. ओ. एफ. डी. की मुख्य अध्यापिका श्रीमती शिल्पिका सिंह, श्री के. के. काला (खेल शिक्षक), अन्य अध्यापकगण एवं अध्यापिकागण इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे।